## एक नजर में

### कल शालाओं में परोसा जायेगा विशेष भोजन

**बालाघाट।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के बच्चों को मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में विशेष भोजन परोसा जायेगा। विशेष भोजन में बच्चों को सब्जी, खीर पुरी या सब्जी, पूरी हलुवा तथा इनके साथ लड्डू का वितरण किया जायेगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक को निर्देशित किया है कि वे 15 अगस्त को सभी शासकीय शालाओं में बच्चों को मध्यान्ह भोजन में सब्जी, खीर, पुरी के साथ हलुवा या लड्डू का वितरण सुनिश्चित करें। बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन में शामील होने के लिए अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं और उन्हें 15 अगस्त को बच्चों के साथ शाला में भोजन करने कहा गया है। मध्यान्ह भोजन तैयार करने में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने कहा गया है।

### पुलिस परेड ग्राउंड में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

**बालाघाट।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बालाघाट जिले में भी उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जायेगा। जिला मुख्यालय बालाघाट में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड मे प्रातः 09 बजे से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।

### 14 को 56 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** आयुष विभाग द्वारा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) पर 14 अगस्त 2025 को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का लक्ष्य समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि व्यापक आयुष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने एवं आयुष स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 14 अगस्त 2025 को निर्धारित विषय - संक्रामक रोगों का प्रबंधन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जिले के 56 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आयुष चिकित्सक अपने संस्था व परिक्षेत्र में संक्रामक रोगों का प्रबंधन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता के साथ ही उपस्थित आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर व्याधियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, श्वांस रोग, वात रोग (जैसे आमवत, गठिया वात, संधि वात), मूत्र रोग, उदर रोग, दंत रोग, कास रोग, तंत्रिका तंत्र रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग एवं कर्ण आदि का उपचार आयुष पद्धति से किया जाएगा तथा उन्हें आयुष पद्धति से निरोग रहने के उपाय भी बताएँगे।

### बिछिया पतंजलि योग समिति का हुआ गठन

**भुआ बिछिया 12 अगस्त नभाप्र.** पतंजलि योग समिति मंडला के जिला संरक्षक सुनील बाली, जिला अध्यक्ष योग आयोग मध्यप्रदेश केडी दुबे, उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, वरिष्ठ योग शिक्षक सीके वैष्णव, डीडी पांडे के द्वारा बिछिया पतंजलि योग समिति का पुनर्गठन किया गया।

---

**हादसा** | आपस में रिश्तेदार थे, रक्षाबंधन और भुजरिया मनाने आए थे

# वैनगंगा में डूबे तीन युवक, 22 घंटे बाद मिला तीसरा शव

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के रामपायली थाना क्षेत्र के बेनी में मंगलवार शाम वैनगंगा नदी में डूबे दो युवकों का शव बुधवार सुबह मिल गया। 22 घंटे बाद शाम करीब 4 बजे तीसरे युवक का शव भी मिल गया।

मोहित बुर्डे का शव 16 घंटे बाद घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर डोंगरली घाट पर मिला। वहीं, दूसरे अखिल का शव 20 घंटे बाद घटनास्थल से तकरीबन 5 किलोमीटर दूर डांगरोली के आगे मिला।

अखिल और मोहित दोनों मौसेरे भाई थे, जबकि महाराष्ट्र के भंडारा अंतर्गत गणेशपुर निवासी राकेश की तलाश की जा रही थी।

एसडीईआरएफ की टीम ने शवों को निकालकर रामपायली पुलिस को सौंपा।

मोहित का शव 16 घंटे, अखिल का शव 20 घंटे और राकेश का शव 22 घंटे बाद मिला। पीएम के बाद मोहित का शव घर पहुंचने पर परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है।



चूंकि इस परिवार ने बेटा और दामाद दोनों को खोया है। रामपायली में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी राकेश के शव का पीएम चल रहा है, जिसे उसके गांव गणेशपुर ले जाने की बात चल रही है।

मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे अखिल, मोहित, राकेश और एक अन्य रिश्तेदार चमनलाल के साथ राममंदिर घाट नहाने पहुंचे थे। शाम करीब 4.30 से 5 बजे के बीच नहाने के दौरान एक के बाद एक तीनों डूब गए। चमनलाल ने बचाने की कोशिश की लेकिन असफल रहे।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, रामपायली पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। देर रात 10 बजे तक नदी में तलाश की गई, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण अभियान रोकना पड़ा।

बुधवार सुबह 6 बजे से एसडीईआरएफ की पूरी टीम फिर जुटी और लगभग तीन घंटे की तलाशी के बाद मोहित का शव मिला। नदी में तेज बहाव होने से आशंका है कि बाकी दोनों युवक बहकर आगे निकल गए हैं।

**प्रशासनिक और पुलिस प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद**

वारासिवनी एसडीएम आरआर पांडे बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। तहसीलदार, पुलिस अमला, परिजन और ग्रामीण भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।जानकारी के मुताबिक, अखिल और मोहित स्टूडेंट थे- मोहित बीसीए कर रहा था, जबकि अखिल कॉलेज में पढ़ रहा था। राकेश की एक होटल है। तीनों रामपायली के बेनी गांव में अपने रिश्तेदार चमनलाल बुर्डे के घर रक्षाबंधन और भुजली पर्व मनाने आए थे।

---

# सांदीपनि विद्यालय में किया गया पौधरोपण

**विधायक मधु भगत की अगुवाई में परसवाड़ा में निकली तिरंगा यात्रा**



**नवभारत, परसवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के दो दिवस पूर्व 13 अगस्त को मुख्यालय परसवाड़ा मे देशभक्ति और पर्यावरण जागरूकता का बेजोड़ आयोजन देखने को मिला, जब रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा के प्रांगण से विधानसभा क्षेत्र के प्रथम नागरिक विधायक मधु भगत की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा केवल देश के प्रति सम्मान का प्रतीक ही नहीं बनी, बल्कि एक नवाचारपूर्ण संदेश के साथ संपन्न हुई - जब इसका समापन जनप्रतिनिधियों के हस्ते वृक्षारोपण का कार्यक्रम करते हुए सम्पन्न किया गया। इस दौरान विधायक मधु भगत के साथ ही चुने हुए अन्य जनप्रतिनिधी के साथ ही बड़ी संख्या में परसवाड़ा के सांदीपनि विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इसके साथ ही परसवाड़ा के अन्य निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं तथा परसवाड़ा के क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही ।

इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा में रानी दुर्गावती महाविद्यालय, सांदीपनि

विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ ही अन्य स्थानीय स्कूल, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण एवं सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा रानी दुर्गावती महाविद्यालय प्रांगण मे रानी दुर्गावती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर यात्रा का प्रारंभ किया गया जो भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गों से होती हुई सांदीपनि सीएम राइस स्कूल परसवाड़ा तक पहुँची। पूरा नगर भारत माता की जय औरवंदे मातरम् जैसे नारों से गूंजायमान हो उठा।

इसके पश्चात यात्रा परसवाड़ा के मुख्य मार्ग होते हुए वंदेमातरम, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद के नारो के साथ ही पैदल मार्च करते हुए परसवाड़ा के अधीन ग्राम बिजाटोला तिराहा पहुंची ।इस दौरान भारत माता की जय आदि नारों के साथ ही यात्रा का समापन मुख्यालय के विश्रामगृह के समीप स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंची। जहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करते हुए यात्रा का समापन किया गया। यह यात्रा देश के वीर सपूतों और सेना के सौंदर्य को समर्पित रही ।

---

# आजादी का उत्सव मनाते हुए निकाली तिरंगा यात्रा

**नवभारत, बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के द्वारा आजादी का उत्सव मनाते हुए कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई ,जिसका प्रारम्भ विद्यालय परिसर से विद्यालय के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी के द्वारा किया गया ,यह यात्रा ग्राम भटेरा ,खैरी,कुम्हारी होती हुई पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में समाप्त हुई जहां विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सायकल यात्रा का स्वागत किया गया ।तिरंगा सायकल यात्रा के दौरान तीनों ही ग्राम पंचायतों के सरपंचों श्री भोर सिंह मोहारे, सरपंच ग्राम भटेरा ,श्री गौरीशंकर मोहारे सरपंच ग्राम खैरी तथा ग्राम कुम्हारी सरपंच श्री बसंत पिछो ? तथा पंचों सहित ग्रामीणों द्वारा विद्यार्थियों का जोश पूर्वक चॉकलेट और शीतल जल के साथ उत्साहवर्धन किया गया।



संस्था के शिक्षक श्री नीरज तिवारी ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे देश के गौरव, एकता और देशभक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा हमारे राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के सम्मान और उसके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का एक माध्यम है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सभी को यह संदेश मिलता है कि देश की आज़ादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है, और हमें इसे सदैव बनाए रखना है ।संक्षेप में, तिरंगा यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि देशभक्ति का उत्सव है, जो हमें अपने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करने की प्रेरणा देता है ।इस यात्रा को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों वासुदेव भूते,विजय कुमार बिल्हेरिया, नितेश कुमार मिश्रा,मनोज ज्योतिषी, अनुपमा गौतम,नीतू बिसेन विद्यालय के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, कार्यालय अधीक्षक अनिल पारधी, कंवल दास लिल्हारे और सभी अन्य का योगदान रहा ।यात्रा का समापन विद्यालय परिसर में हुआ ,यात्रा के दौरान सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई,तथा विद्यार्थियों ने तिरंगे की आन बान और शान को सदैव बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली।

---

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी एवं समता सैनिक दल की निरीक्षण बैठक 16 को

**नवभारत, बालाघाट।** 16 अगस्तको भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया एवं उसका सुरक्षा विभाग अर्थात समता सैनिक दल जिला ईकाई बालाघाट की आवश्यक निरीक्षण बैठक का आयोजन दिनांक 16 अगस्त 2025 को स्थानीय शिवमंगल भवन वार्ड न.01 बुढी रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट मप्र में दोपहर 1.30 बजे से किया गया है। बैठक की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष एवं स्स्ठ के त्ल्ह्ष्ट बालाघाट करेगें, मुख्य अतिथि एवं निरीक्षक स्स्ठ के अंसिटेंट स्टॉप ऑफिसर, हेडक्काटर सचिव आद. डी.एम.आचार्य गुरुजी चैत्यभूमि मुंबई होंगे, प्रमुख अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा द.,केन्द्रीय शिक्षक,स्स्ठ मप्र रेजीमेट के त्ल्ह्ष्ट



मप्र होंगे, विशेष अतिथि हेमलता ताई डोगरे प्रदेश उपाध्यक्ष व केन्द्रीय शिक्षिका, आर.के.कठाने प्रदेश सचिव एवं माजी श्रामनेर व बोद्धाचार्य, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव माजी श्रामणेर व बोद्धाचार्य म.प्र. होगें। बैठक में जिला शाखा, जिले की समस्त तहसील, नगर, सर्कल व अन्य सभी शाखाओं के सभी पदाधिकारियों को एवं समता सैनिक दल के सभी सैनिकों से उपस्थिति की अपील जिला शाखा द्वारा की गई है ।बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जायेगें। सदस्यता अभियान, पुरानी बुके एवं शेष जमा राशि करना, शाखाओं का गठन व पुनर्गठन करना,की गई शाखाओं की सूची मान्यता पत्र सहित जमा करना, जिला,तहसील,नगर शाखा बालाघाट के पुनर्गठन की रूपरेखा तैयार करना,धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनो पर चर्चा, जिला शाखा द्वारा धम्म पर्यटन बुद्धगया व भुटान देश की यात्रा के आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा, भोपाल मुख्यालय में राज्य स्तरीय बैठक एवं स्स्ठ के विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर जो भोपाल मुख्यालय में आयोजित है उसमें शामिल होने पर चर्चा होगी।

---

### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बसों एवं यात्री वाहनों में लगाया गया तिरंगा

**बालाघाट।** 02 से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के साथ कार्यक्रम के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 12 अगस्त को जिले में संचालित यात्री वाहनों में तिरंगा झण्डा लगाया गया।

जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढपाल ने बताया कि 12 अगस्त को लगभग 40 यात्री बसों एवं इतने ही आटो रिक्शा में तिरंगा झंडा लगाया गया है। इसके साथ ही यात्री वाहनो के संचालको एवं यात्रियों को देश प्रेम, देश सेवा एवं तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान दिखाने के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही यात्री वाहनो, बस स्थानक एवं सार्वजनिक स्थलो पर गंदगी व कचरा न डालने तथा इन्हे साफ व स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया गया।

---

### 20 अगस्त को पूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन का आयोजन

**बालाघाट।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवा निवृत्त कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास 19 से 21 अगस्त तक बालाघाट जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 20 अगस्त को जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 20 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय, परिसर में ''उपरी सभा कक्ष'' में आयोजित किया जाएगा।

---

## वन अधिकार पट्टों के दावा आवेदन निराकरण के लिए हुई बैठक

**नवभारत, बालाघाट।** वन भूमि पर काबिज पात्र लोगो को वन भूमि का पट्टा देने के लिए वर्तमान में चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत उपखंड स्तरीय वन अधिकार समितियों से एम.पी.वनमित्र पोर्टल पर नवीन एवं पूर्व के निरस्त दावों के निराकरण करने के संबध में 12 अगस्त को कलेक्टंर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनमंडलाधिकारी उत्तर (सामान्य) वनमंडल श्रीमती नेहा श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्री राहुल नायक एवं उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति के अधिकारी उपस्थित थे।

वन अधिकार पट्टा संबंधी दावा आवेदन की समीक्षा के दौरान उत्तर (सामान्य) वन मंडल अंतर्गत विकासखंड बैहर के ग्राम गंजेसर्रा, दुल्हापुर तथा विकासखंड बिरसा के ग्राम गौनाझोला, झकोरदा, डाबरी, सोनगुडडा के कुल 22 व्यक्तिगत दावे उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा मान्य किये जाने की अनुशंसा की गई है। जिस पर उक्त पात्र प्रकरणों पर परीक्षण कर व्यक्तिगत दावों पर जिला स्तरीय समिति द्वारा कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। दक्षिण (सामान्य) वनमंडल के 42 प्रकरणों पर समीक्षा की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी एवं अनुविभागीय अधिकारी (वन) दक्षिण (सामान्य) मंडल लांजी के ग्राम बीजागढ़ के 42 व्यक्तिगत दावों पर पुनः विचार कर प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

---

# हत्या एवं साक्ष्य नष्ट करने के मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी

**काम न करने को लेकर सहकर्मी से विवाद कर फावड़े से की हत्या**

**नवभारत, खैरलाँजी।** खैरलाँजी थाना अंतर्गत निर्माण हो रही सीएम राईस स्कूल मे दिनांक 08. 08. 2025 को रात्रि लगभग 8.30 बजे सी.एम. राईज स्कूल, खैरलांजी की पहली मंजिल के एक कमरे में सहकर्मी, मृतक राजेन्द्र उर्फ राजू राहंगडाले एवं आरोपी नीलेश चौड़े के बीच पैसे और काम न करने को लेकर विवाद हुआ ।विवाद के दौरान आरोपी नीलेश चौड़े ने कमरे में रखे लोहे के फावड़े से राजू के सिर पर लगातार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी एवं तत्पश्चात जिला अस्पताल बालाघाट ले जाया गया, जहां दिनांक 10.08.2025 को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्स्ठ्ह क्त वारासिवनी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी खैरलांजी निरीक्षक रामसिंह पटेल एवं फॉरेंसिक अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरलांजी में अपराध क्रमांक



227/2025, धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पन्द्रो एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा सघन विवेचना कर हत्या का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए 24 घण्टे में आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

घटना का कारण- मृतक राजू और आरोपी नीलेश दोनों साथ में टाइल्स लगाने का कार्य करते थे। घटना के दिन कार्य न करने को लेकर आपसी कहासुनी और गाली-गलौज हुई। विवाद बढने पर आरोपी नीलेश ने मृतक पर लोहे के फावड़े से कई वार कर दिये, जिससे गंभीर चोटें आई और उसकी मृत्यु हो गई। घटना को छिपाने की नीयत से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में आरोपी नीलेश द्वारा राजू की मृत्यु गिरने से बताया और फावडे को दूसरी मंजिल में छिपा दिया। सख्ती से पूछताछ एवं विवेचना के आधार पर घटना का खुलासा हुआ। घटना के बाद सी.एम. राईज स्कूल के सुपरवाइजर रूपेश भालेकर ने घटना को छुपाने की नीयत से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों नरेन्द्र उर्फ चंटी टेंमरे और विनोद उर्फ गोलू टेंमरे के साथ मिलकर पहले कमरे में पड़े खून को कपडे से साफ किया। इसके बाद खून से सने कपड़े और बर्तन को डीजल और पेट्रोल डालकर जला दिया। बाद में, कमरे में खून की गंध को खत्म करने के लिए फर्श पर डीजल-पेट्रोल डालकर आग लगाकर साक्ष्य नष्ट किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी-वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल की गठित टीम व्दारा मुख्य फरार आरोपी नीलेश चौड़े को ग्राम देवरी थाना लालबर्रा से गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावडा स्कूल की दूसरी मंजिल से बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी -नीलेश पिता बलिराम चौड़े उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड-05, ग्राम बिरसोला थाना लालबर्रा,रूपेश पिता इन्द्रकुमार भालेकर उम्र 34 वर्ष निवासी मोहगांव, बरघाट जिला सिवनी,विनोद उर्फ गोलू पिता भागचंद टेंमरे उम्र 32 वर्ष निवासी मोवाड़ बरघाट जिला सिवनी,नरेंद्र उर्फ चटी पिता रूपचंद टेंमरे उम्र 28 वर्ष निवासी थाना बरघाट जिला सिवनी आरोपियों से जब्ती हत्या में प्रयुक्त लोहे का फावड़ा साक्ष्य मिटाने में प्रयुक्त सामग्री उल्लेखनीय भूमिका- थाना प्रभारी खैरलांजी निरी. रामसिंह पटेल, प्रआर. विवेक ठाकरे, प्रआर. वीरेंद्र नागभिरे, आर. विष्णु जाट, आर. आकाश की सराहनीय भूमिका रही।

---

# पहाड़ी में मिला महिला का शव

**मोहनटोला में मिले संदिग्ध महिला की पहचान करने का किया जा रहा प्रयास**

**मंडला 12 अगस्त नभाप्र.** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव घंसौर रोड पर मोहनटोला के पास पहाडियों में सडक किनारे खाई में मिला था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद महाराजपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि मृतक महिला की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। पुलिस सीसीटीवी और कॉल रिकॉर्ड के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है।





बताया गया कि घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीओपी पियूष मिश्रा और थाना प्रभारी डॉ जय सिंह यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है और बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की पहचान और जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है, जिसमें महिला की पहचान, मौत के कारण और घटना के पीछे के संभावित मकसद शामिल हैं।

---

# टिकरिया में पानी की पाइपलाइन से लीकेज जारी

**नारायणगंज 12 अगस्त नभाप्र.** जल ही जीवन है, लेकिन ग्राम पंचायत पटेहरा के तहत आने वाले ग्राम टिकरिया में यह नारा बेमानी साबित हो रहा है। यहाँ वेयर हाउस के पास बिछी पानी की पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे रोजाना सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गर्मियों के मौसम में ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ा था। उस समय घर-घर पानी पहुँचाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन बारिश का मौसम आते ही और पानी की कमी दूर होने के बाद पंचायत ने अपनी लापरवाही जारी रखी है। टिकरिया स्थित पाइपलाइन का रिसाव इतना ज्यादा है कि यह एक बड़ी समस्या बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक जगह की समस्या नहीं है, बल्कि पंचायत के कई गाँवों में इस तरह के लीकेज मौजूद हैं। जनप्रतिनिधि और पंचायत इस समस्या से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन उनकी ओर से मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। यदि समय रहते इस लीकेज को ठीक कर दिया जाए, तो व्यर्थ बहने वाले पानी को बचाया जा सकता है, जिसका उपयोग अन्य कार्यों में किया जा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की माँग की है।

---

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**मंडला 12 अगस्त नभाप्र.** माउंट फोर्ट विद्यालय के इनडोर हॉल में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एपीसी मंडला मुकेश पांडे रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया और उन्हें बैडमिंटन के नियमों और तकनीकों से अवगत कराया। मुकेश पांडे ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन में माउंट फोर्ट विद्यालय के संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन, उप-प्राचार्य ब्रदर मैथ्यूज, ब्रदर नीलेश, खेल शिक्षक अभिषेक श्रीवास, रमा मार्को और जिले के अन्य स्कूलों से आए खेल शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

---

**आम सूचना**

मेरा नाम ब्रजेश कुमार कहार है और मेरी पत्नि का नाम श्रीमति माला कहार है। हमारे बच्चों अवनेंद्र कश्यप और उन्नति कश्यप के स्कूल रिकॉर्ड में किसी कारण से हमारा उपनाम कहार नहीं लिखा है। अब हम स्कूल रिकॉर्ड में अपना सरनेम कहार जुड़वा रहे हैं।

आगे से लिखने पढ़ने बोलने और सरकारी दस्तावेज में मेरा नाम ब्रजेश कुमार कहार और मेरी पत्नि का नाम माला कहार के नाम से जाना पहचाना और लिखा पढ़ा जाये।

बृजेश कुमार कहार